अमर उजाला
amarujala.com
बरेली
रविवार, 24 सितंबर 2017
PAGE NO.: 4 MIDDLE RIGHT, 8 MIDDLE LEFT

एसआरएमएस में टेलीमेडिसिन बस को हरी झंडी दिखाई। (खबर पेज 8 पर)

टेलीमेडिसिन बस, ई-सेंटर से रोगियों को मिलेगी सहूलियत

बरेली। गांव के मरीजों को विशेषज्ञ डॉक्टरों का इलाज मिले इसके लिए एसआरएमएस मेडिकल इंस्टीट्यूट की ओर से मोबाइल टेलीमेडिसिन बस और टेलीमेडिसिन ई- सेंटर का शुभारंभ किया गया है। प्रदेश के स्वास्थ्य मंत्री सिद्धार्थ नाथ सिंह ने डिजिटल उद्घाटन के मौके पर कहा कि 15 साल पहले हमीरपुर गांव में काफी दूर तक चिकित्सा सेवा उपलब्ध न होने से एक बच्ची को उन्होंने मरते देखा है, इसलिए स्वास्थ्य सेवाएं दूर तक पहुंचे इसका ख्याल रखा जा रहा है। टेलीमेडिसिन इसी का एक प्रमुख तरीका है। ट्रस्ट के संस्थापक देवमूर्ति ने एसआरएमएस ट्रस्ट के दो मोबाइल अस्पताल के बारे में बताया। वित्त मंत्री राजेश अग्रवाल ने सरकार की स्वास्थ्य सुविधाएं गिनाई। ट्रस्ट के सचिव आदित्य मूर्ति ने बताया कि सेंटर में तमाम जांच की सुविधाएं मिलेंगी और निःशुल्क दवा का वितरण भी होगा।